हरियाणा विधान सभा

की

कार्यवाही

17 मार्च, 1992

खण्ड 1, अंक 7

अधिकृत विवरण

विशय सूची

मंगलवार, 17 मार्च, 1992

पृश्ठ संख्या

तारांकित प्र न एवं उत्तर	(7)1
नियम 45 के अधीन सदन की मेज पर रखे गये तारांकित प्र नों के लिखित उत्तर	(7)25
स्थगन प्रस्ताव– (i) चण्डीगढ़, अबोहर–फाजिल्का आदि के हस्तांतरण	(7)28

तथा नदी पानी के विवरण संबंधी	
(ii) मेहम घटना पर ग्रेवाल आयोग की जांच रिपोर्ट संबंधी	(7)37
ग्रेवाल आयोग की रिपोर्ट को रिजैक्ट करने संबंधी प्वायंट औफ आर्डर पर रूलिंग रिजर्व रखना	(7)41
विभिन्न ध्यानाकर्शण प्रस्तावों संबंधी	(7)41
दि हरियाणा ऐप्रोप्रिए ान (नं0 1) बिल, 1992	(3)50
वैयक्तिक स्पश्टीकरण– प्रो0 सम्पत सिंह द्वारा	(7)64
वर्श 1992–93 के बजट पर सामान्य चर्चा	(7)65
वैयक्तिक स्पश्टीकरण– (श्री मोहम्मद इलायस) द्वारा	(7)79
वर्श 1992–93 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)	(7)80
वैयक्तिक स्पश्टीकरण– प ुपालन मंत्री (श्री निर्मल सिंह) द्वारा	(7)84
वर्श 1992–93 के बजट पर सामान्य चर्चा (पुनरारम्भ)	(7)85

हरियाणा विधान सभा

मंगलवार, 17 मार्च, 1992

विधान सभा की बैठक, हरियाणा विधान सभा हाल, विधान भवन, सैक्टर–1, चण्डीगढ़ में प्रातः 9.00 बजे हुई। अध्यक्ष (चौधरी ई वर सिंह) ने अध्यक्षता की।

तारांकित प्र न एवं उत्तर

श्री अध्यक्षः मैम्बर साहेबान, अब सवाल होंगे।

Construction of Roads

***130. Shri Ram Kumar Katwal:** Will the Chief Minister be pleased to state whether there is any proposal under consideration of the Government to construct a metalled road from village Mindi to Gohian and Harera to Dhurana (Rajaund); if so, the time by which these roads are likely to be constructed?

मुख्य मन्त्री (चौधरी भजन लाल): ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

श्री राम कुमार कटवालः अध्यक्ष महोदय, सरकार एक तरफ तो यह कहती है कि सभी गांवों को सड़कों के साथ मिला दिया है लेकिन मैंने जो गांव बताएं हैं ये सड़कों के साथ नहीं जुड़े हुए हैं। क्या मुख्य मन्त्री जी इन गांवों को सड़कों के साथ जुड़वाने की कृपा करेंगे?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जब मैं पहले मुख्यमंत्री था उस समय मैंने हर गांव की पक्की सड़क के साथ जोड़ा था। परन्तु जो पिछली सरकार थी उसने अपने राज में सड़कों पर रोड़ी तो डलवानी दूर रही, उन सड़कों का सत्याना ा कर दिया। अध्यक्ष महोदय, कटवाल साहब ने कहा कि वे गांव सड़कों से जुड़े नहीं हैं। मैं इनको बताना चाहता हूं कि हमने इनके हल्के की 13 सड़कों पर मरम्मत का काम चालू किया हुआ है। यह दोहरी सड़क है। इस साल दोहरी सड़क बनाने का हमारा कोई विचार नहीं है। अगर जरूरत हुई तो इस पर अगले साल विचार किया जा सकेगा।

श्रीमती जानकी देवी मानः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख मंत्री जी से अनुरोध करती हूं कि इन्होंने बोला था कि मेरे हल्के में सब सड़कों की रिपेयर हो गई है। अध्यक्ष महोदय, जब यहां 14/15 को छुट्टी हुई थी तो मैं अपने हल्के में गई थी। मैंने वहां देखा कि 4–5 किलोमीटर का टुकड़ा बीच में अधूरा पड़ा हुआ है। उस पर न तो देवी लाल की सरकार ने काम किया और न इन्होंने किया है। तो मैं यह पूछना चाहती हूं िकवह जो 4–5 किलोमीटर का टुकड़ा बीच में पड़ा हुआ है क्या मुख्यमंत्री जी उसको पूरा करवाएंगे? अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में घनौरा से लाडवा के बीच मे एक पुल है। उसके सरिए निकले हुए हैं, जिसके कारण वहां पर दो आदमी मर भी चुके हैं। तो क्या उनको भी ये कवर करेंगे? इसके साथ वहां पर स्कूलों को जाने के लिए कार का या किसी और चीज के आने जाने का रास्ता नहीं

है। मेरी मुख्य मंत्री जी से प्रार्थना है कि उन रास्तों को थोड़ा बहुत बना दें क्योंकि वहां पर आने जाने का रास्ता जरूर होना चाहिए। इसी के साथ मैं मुख्य मंत्री जी से अनुरोध करूंगी की इन्दरी में कोई कालेज नहीं है।

श्री अध्यक्षः इस प्र न का कालेज से कोई सम्बन्ध नहीं है। इसलिए आप कंसर्नड प्र न को ही पूछें।

श्रीमती जानकी देवी मानः अध्यक्ष महोदय, मुझे सारी बातें बोलने दें। बाद में ये सारी बातों का जवाब दे दें।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, अभी बहन जी ने इन्दरी हल्के के बारे में चर्चा की, यह सवाल इन्दरी का नहीं है लेकिन मैं फिर भी जवाब दे देता हूं। जिन सड़कों में गैप पड़ा हुआ रह गया है और वह गैप न बनने की वजह से उन सड़कों का पूरा इस्तेमाल नहीं हो रहा है, अध्यक्ष महोदय, अप्रैल से जो साल भाुरू होने जा रहा है उसमें हम उनको पूरा करेंगे। तो जहां तक पुलों की बात कही है, अध्यक्ष महोदय, जो पुल बहुत पुराने थे वे एक दो टूट गए हैं। हम सबसे पहले अगले साल उन पुलों को पूरा करेंगे जो पुल खतरे में हैं।

श्री अमर सिहंः अध्यक्ष महोदय, हांसी में तो ाम रोड़ पर केतवा डिस्ट्रिब्यूटरी और सुन्दर ब्रांच पर पुल तो बन गया है परन्तु उस पर रैम्प नहीं बना हुआ है जिसकी वजह से वह रोड

ब्लाक हुआ पड़ा है। तो क्या मुख्य मन्त्री जी वह रैम्प बनवाने की कृपा करेंगे?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जब हमने पुल बना दिया है और उस पर इतना पैसा खर्च कर दिया है तो हम रैम्प को भी जल्द ही पूरा करवायेंगे।

श्री कृश्ण लालः अध्यक्ष महोदय, दिसम्बर के सै ान में मैंने एक प्र न पूछा था कि मडलौडा गांव से सड़क का एक किलोमीटर का टुकड़ा है उसको बनाने के लिए पी0डब्ल्यू0डी0 वाले भी इन्कार करते हैं, मार्किटिंग कमेटी वाल भी इन्कार करते हैं और पंचायत भी इंकार करती है। उस समय मुख्य मंत्री जी ने यह आ वासन दिया था कि उसको 31–3–92 तक पूरा करवा देंगे। इसलिए क्या मुख्य मंत्री जी बतायेंगे कि वह टुकड़ा कब तक बन जायेगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, वैसे उस सड़क के आंकड़े इस समय मेरे पास नहीं हैं लेकिन मैं माननीय सदस्य को बता देता हूं कि अगर यह सड़क बस स्टैन्ड से गांव तक बनी हुई है तो हम उस सड़क की मरम्मत हर हालत में करवायेंगे।

श्री कर्ण सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने अभी बताया कि पिछली दफा जब ये मुख्य मंत्री थे तो इन्होंने लगभग हर गांव की सड़क को पक्का कर दिया था लेकिन मेरे हल्के में एक गांव सैदपुर है जहां एक किलोमीटर से कम सड़क

का टुकड़ा बना हुआ नहीं है। क्या मुख्य मंत्री जी उस सड़क के टुकड़े को भी पूरा करवायेंगे?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, कुछ खादर के गांव ऐसे थे जिनकी आबादी 250 से भी कम थी, जहां पर कुछ सड़कें बनने से रह गयी थी। हो सकता है कि इस गांव की आबादी भी 250 से कम हो। लेकिन फिर भी हम इस गांव की सड़क को अगले साल में पूरा करवायेंगे।

श्री धीरपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि बादली हल्के में कितनी सड़कों पर काम हुआ है और उनके लिए कितनी धनराि ा अलाट की गयी है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस बारे में इस समय मेरे पास रिकार्ड नहीं है लेकिन मैं माननीय सदस्य को इतनी बात बता सकता हूं कि इनके हल्के की जितनी भी सड़कों की मरम्मत होनी है वह हम 31 मार्च, 1992 तक 92% हर हालत में पूरी कर देंगे। बाकी का काम बरसात की वजह से एक महीना और आगे जा सकता है इसलिए 30 अप्रैल के बाद कोई भी सड़क हरियाणा प्रदे ा में ऐसी नहीं रहेगी जो ठीक न हो।

श्री अध्यक्षः यह तो आपने चूंकि जनरलाइज कर दिया है इसलिए यह भी बता दें कि जिन ढ़ाणियों की आबादी 250 से

ज्यादा है और वे हदबन्दी में भी आती हैं तो क्या उनको भी सड़कों से जोड़ दिया जायेगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जिन ढ़ाणियों की आबादी 250 से ज्यादा है उनको भी हमस सड़कों से जोड़ देंगे।

चौधरी सूरजभान काजलः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने कहा कि सभी गांवों की सड़कों को ये ठीक कर देंगे। अध्यक्ष महोदय, मेरे हल्के में एक ढ़ाणी जींद से चार किलोमीटर दूर है वहां पर न कोई कच्चा रास्ता है और न कोई पक्का रास्ता है। इसलिए उस ढ़ाणी के लोगों ने इसी मांग को लेकर पिछले इलैक ान का भी बायकाट किया था। क्या मुख्य मंत्री जी उस सड़क को भी बनवाने की कृपा करेंगे?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, उस गांव में फारेस्ट बीच में आता है इसलिए यह सड़क नहीं बन पायी है। फारेस्ट विभाग कहता है कि सड़क साइड से निकाल लो जबकि गांव वाले कहते हैं कि यह गांव के अन्दर से बननी चाहिए। इसी को लेकर यह झगड़ा है लेकिन फिर भी हम इसको टेकअप करने की कोि ा ा करेंगे। हमने डी0सी0 की डियूटी इसके लिए लगायी है कि वह इसको देखे ताकि फारेस्ट को भी कोई नुकसान न हो।

Tours to foreign contries by Chairman/Managing Director

***184. Shri Karan Singh Dalal:** Will the Minister for Industries be pleased to state-

(a) whether any of the Chairman/Managing Director Officials of the Haryana State Small Industries and Export Corporation undertook tours to foreign courtries during the years 1987 to 1991, if so, their names, together with the purpose and foreign courtries visited by them;

(b) the expenditure incurred on each visit as referred to in part (a) above separately;

(c) whether the Corporation procured any order for the supply of goods as a result of the tours of the Chairman/Managing Director as referred to in part (a) above; if so, the details thereof; and

(d) whether the purpose for which the said tours were undertaken was achieved?

Industries Minister (Shri Lachhman Dass Arora):

(a) The information is laid on the Table of the Hosue at

to Annexure 'A'.

(b)

Annexure 'A'

a				b	c	d
Year	Name of the Officer	Purpose of the Visit	Foreign	Total	Value of	Purpose achieved
(i)	(ii)	(iii)	(iv)			
1987-88	(i) Sh. Partap Singh Ex-Chairman (ii) Sh. Alak Dhari, I.A.S., Ex-MD.	To attend Heimtextil International Fair at Frankfurt. west Germany & export promotion Visit to Holland & U.K	West Germany Holland & U.K.	2.11	Nill	The visit of any State Delegation to has some short-term gains and some long term gains. The short term gains are of the nature of

1988-89	(i) Sh. Partap Singh, Ex-Chairman. (ii) Sh. Alak Dhari, I.A.S., Ex-MD.	To participate in the Ohiostate Fair Columbus (USA).	U.S.A.	5.14	97,106.00	immediate business deals struck between the two countries and long term gains are of the nature of establishing business contract abroad. The volume of exports achieved during 1987-91 do not fully
1988-89	(i) Sh. Partap Singh, Ex-Chairman. (ii) Sh. Alak Dhari, I.A.S., Ex-MD.	To participate in the Heimtextil Fair at Frankfurt (Germany).	West Germany	1.39	99,404.00	

1989-90	(i) Sh. Partap Singh, Ex-Chairman. (ii) Sh. Beant Singh I.A.S., Ex-MD.	To attend the 20th International Exhibition for furnishing textiles, Star, 89 at Milan (Italy) and they had also visited Switzerland for export promotion.	Italy & Switzerland.	1.70	Nil	justify the large number of tours undertaken by the Chairman and the Managing Director.
1989-90	(i) Sh. Partap Singh, Ex-Chairman. (ii) Sh.	Ex-Chairman and Ex-MD and General Managar (Exports)	France UK, USA, Japan, Hongkong Thailand, Chairman,	9.67	1,42,66,960.00	

	Beant Singh I.A.S., Ex-MD. (iii) Sh. R.S. Malik, Director (iv) Sh. Bhaskar Chatterjee, Director (v) Sh. N. Malhotra GME	visited Kenya to contact and finalise with the Director, PIU, Nairobi-Kenya for a global tender participated in 1988 by the Corporation for the supply of Scientific Instruments valuing Rs. 79.88 lacs CIF Nairobi and further	MD & GME also visited Kenya, Canada on this tour			

		orders of Rs. 25.36 lacs was also executed.				
1989-90	(i) Sh. Partap Singh, Ex-Chairman. (ii) Sh. Beant Singh I.A.S., Ex-MD.	T osign the Agreement paper of Scientific Instruments tender of Rs. 79,88,400.00 with Director, PIU, Nairobi – Kenya as stated above	Kenya & Dubai	1.04	Nil	
1989-90	(i) Sh. Partap Singh, Ex-	To participate in the	West Germany	2.57	Nil	

	Chairman. (ii) Sh. Beant Singh I.A.S., Ex-MD. (iii) Sh. N. Malhotra GME	Heimtextil Fair in West Germany. The Corporation has recovered a sum of Rs. 75,000/- from the Associate participants towards space rent.				
1990-91	(i) Sh. Partap Singh, Ex-Chairman. (ii) Sh.	To participate in the Australia International	Australia, Newzealand Singapore	4.23	1,695.00	

	Beant Singh I.A.S., Ex-MD. (iii) Sh. N. Malhotra GME	Engg. Fair at Sydney (Australia)	and Malaysia.			
				27.85	1,44,65,165.00	

श्री कर्ण सिंह दलालः अध्यक्ष महोदय, माननीय मंत्री जी ने अनैकस्चर ''ए'' सदन के पटल पर रखा है। उसमें ईयरवाईज टूर्ज की डिटेल्ज दी गयी है और इसमें हुए खर्च का भी जिक्र किया गया है। मैं आपके माध्यम से यह जानना चाहता हूं कि यह जो चेयरमैन और एम0डी0 वगैरह टूर्ज पर गये हैं, क्या इनके जाने के लिये हरियाणा स्टेट स्माल इंडस्ट्रीज एंड ऐक्सपोर्ट कारपोरे ान के नियमों में कोई ऐसा लिखा हुआ है या नहीं लिखा हुआ है कि जो भी एम0डी0 या दूसरा आई0ए0एस0 अधिकारी वहां पर होगा, वह चेयरमैन के साथ अव य ही जायेगा? अगर इस तरह का कोई प्रावधान नहीं है तो क्या चेयरमैन ने ऐसा करके गलत काम नहीं किया है कि वे इस कारपोरे ान के अधिकारियों को अपने साथ ले कर गये हैं?

श्री लछमन दास अरोड़ाः स्पीकर साहब, जहां तक ऐक्सपोर्ट कारपोरे ान के नियमों का सवाल है, उसमें ऐसा तो है कि चेयरमैन या एम0डी0 बाहर जा सकते हैं। जो चेयरमैन या एम0डी0 बाहर टूर पर गये हैं, वे नियमों के अनुसार तो है लेकिन जिस परपज के लिये वे विदे ाों में टूर पर गये थे, उसकी अचीवमैंट का जहां तक ताल्लुक है, वह इससे पता लग सकता है कि उन्होंने पिछले 5 सालों में टूर पर 27.85 लाख रुपया खर्च किया है। लेकिन इसका उतना फायदा नहीं हुआ है जितना पैसा खर्च किया है। उसके मुकाबले में आर्डर बहुत थोड़े आये हैं।

श्री अमीर चन्द मक्कड़: स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि विदे ाों में दौरे पर क्या चेयरमैन और एम0डी0 इससे पहले भी जाते रहे हैं या केवल यही गये हैं? अगर यही गये हैं तो क्या यह रियायत इन्हीं को दी गयी है, और दी गई है तो क्यों दी गयी है?

श्री लछमन दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, इससे पहले भी गये जरूर हैं लेकिन कोई दो साल में एक बार तो कोई तीन साल में एक बार गया है। ये महानुभाव तो तीन साल में 8 बार विदे ाों में घूम कर आये हैं। भारत सरकार में भी इनका सब कुछ था और स्टेट गवर्नमैंट में भी इनका ही सब कुछ था। जो चाहते थे, वह होता था।

चौधरी अजमत खां: स्पीकर साहब, मंत्री जी ने जो सूचना सदन के पटल पर रखी है, उसके अनुसार विदे ाी टूर्ज पर 27.85 लाख रुपया खर्च किया गया है और 1,44,65,165 रुपये के आर्डर लेकर आये हैं। इतना ज्यादा खर्च करने के बावजूद इतने कम आर्डर प्राप्त करने के क्या कारण है? क्या इस का यह कारण तो नहीं है कि एक ही आदमी दो साल में तीन बार जाने के बाद और लगभग 8.25 लाख रुपया खर्च करने के प चात् केवल 1.97 लाख रुपये के आर्डर ले पाया? ऐसे आदमी को बार बार विदे ाों में भेजने की क्या तुक थी जिसकी वजह से कोई आर्डर नहीं मिला? पहली बार गया तो कोई आर्डर नहीं दूसरी बार गया तो कोई आर्डर नहीं और पांचवी बार गया तो कोई आर्डर नहीं मिला।

इसका मतलत तो यह हो गया कि उस आदमी के साथ बार बार रियायत बरती गयी। मेरा विचार यह है कि इसके लिये फाइनैंस की मंजूरी लेनी पड़ती है। फाईनैंस की मंजूरी लेने के बाद सैंट्रल गवर्नमैंट से भी बात करनी पड़ती है। इसका मतलब तो यह है कि सैन्टर में भी चौधरी देवी लाल का राज था और यहां पर भी इनके खानदान का। इसलिए इनको बार बार विदे ा जाने की इजाजत मिलती रही। (व्यवधान व भाोर)

श्री अध्यक्षः आप क्वै चन पूछो।

चौधरी अजमत खांः सर, मैं प्र न पूछने लग रहा हूं। क्या इनको जान–बूझकर ऐसा करने की इजाजत दी गयी? क्या इनका ऐसा कोई इरादा है कि जिन आदमियों ने बार बार विदे ाों में जाकर टूर किया है, उनके विरूद्ध कारवाई की जाएगी? इसके अतिरिक्त उनको वहां पर भेजने के लिये कौन जिम्मेवार है, उनकी भी जिम्मेवारी फिक्स की जाये कि क्या यह उचित किया गया है या नहीं?

श्री लछमन दास अरोड़ाः जहां तक जिम्मेवारी का सवाल है, जिम्मेवारी तो खुद ही जाने वाले की है। जो आपने कहा है कि उचित है या नहीं, तो मैं यह कहता हूं कि उचित तो नहीं है। मैं अपने माननीय साथी सदस्य को यह बात कहना चाहता हूं कि ये तीन साल में 8 बार विदे ाों में टूर पर गये हैं और इन्होंने इसके

लिये 27 लाख 85 हजार रुपया खर्च किया है जबकि यह आर्डर केवल 1 करोड़ 44 लाख 65 हजार 165 रुपये के ही ला पाये हैं।

श्री अमर सिंहः स्पीकर साहब, 1989–90 में चेयरमैन के साथ एम0डी0 बेअंत सिंह, आर0एस0 मलिक, डायरैक्टर, भास्कर चैटर्जी, डायरैक्टर और एन0 मलहोत्रा, जी0एम0ई0 भी विदे ाी टूर पर गये हैं। इस दौरे में वे फ्रांस, यू0के0, यू0एस0ए0, जापान, हांगकांग, थाईलैंड, कीनिया, इजीप्त, ताइवान और कैनाडा का टूर करके आये हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या इतने अफसरों का एक साथ जाना उचित था? क्या इस ऐक्सपोर्ट कारपोरे ान के चेयरमैन, एम0डी0 या किसी क्लर्क को भी साथ ले जा सकते हैं? क्या इस तरह से इतने अफसरों को साथ ले जा कर कोई लिमिट क्रोस नहीं की गयी है?

श्री लछमन दास अरोड़ाः अध्यक्ष महोदय, यह चेयरमैन की कैपीटैन्सी में है कि वह जिस अधिकारी को चाहे, अपने साथ ले जा सकता है। इसीलिये वे डायरैक्टर को अपने साथ ले गये और कुछ जूनियर अधिकारी भी उनके साथ गये थे।

श्री बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, कारपोरे ान के चेयरमैन ने जो यह टूर किया वह कारपोरे ान के इंट्रैस्ट को सामने रखकर नहीं किया था। जिन आफिसर्ज को वे साथ ले गये, उनको तो आदे ाों के अनुसार जाना ही पड़ा होगा। लेकिन जो टोटल रुपया उस टूर पर खर्च हुआ, मैं समझता हूं कि वह रुपया टोटली

मिस–ऐप्रोप्रिएट हुआ है। वह चेयरमैन अपनी व्यक्तिगत वर्ल्ड टूरिंग पर गया था और वह कारपोरे ान के हित में नहीं गया था। क्या सरकार उस चेयरमैन के खिलाफ मिस–ऐप्रोप्रिए ान का केस रजिस्टर करवाने का इरादा रखती है क्योंकि यह एक क्रिमीनल केस बनाता है?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि उस वक्त की जो सरकार थी, उस को यह सब देखना चाहिये था कि यह काम ठीक नहीं हो रहा है और उनको इजाजत नहीं देनी चाहिये थी। आमतौर पर जब भी कोई चेयरमैन बाहर जाता है तो उसकी जानकारी सरकार को अव य होती है इसलिए उस समय की सरकार को यह देखना चाहिये था कि उस चेयरमैन का बाहर जाने का कोई औचित्य था या नहीं था। लेकिन आज हम यह कहें कि उनके खिलाफ कोई ऐक ान हो सकता है या केस दर्ज किया जा सकता है तो यह सम्भव नहीं है। अलबता वे चौधरी देवी लाल के बेटे थे और उन्हीं ने उनको चेयरमैन लगाया था। लोगों ने जब उनसे पूछा कि इनको चेयरमैन क्यों लगा दिया तो चौधरी देवी लाल जी ने कहा कि कुछ देकर मुंह तो इसका बन्द करना था। मुंह बन्द करने के लिये चौधरी देवी लाल ने उसको चेयरमैनी दी थी। हम ने उनको कुछ भी नहीं बनाया था।

श्री बंसी लाल: अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्य मंत्री महोदय ने यह कहा कि चौधरी देवी लाल जी ने उनका मुंह बन्द करने के

लिये सब कुछ किया। मुंह बन्द करने का मतलब यह है कि रि वत दी गई। That itself is a criminal offence. मुख्य मंत्री महोदय ने कहा कि उनके खिलाफ आज कोई केस बनना असम्भव है। मैं मानता हूं कि जो आफिसर्ज उनके साथ गये उनका कोई कसूर नहीं है मगर चेयरमैन बाहर के इतने चक्कर क्यों काट रहे थे? यह क्लीयर कट मिस–ऐप्रोप्रिऐ ान का केस बनता है। मुख्य मंत्री महोदय चाहें तो इस के बारे में लीगल राय भी ले सकते हैं कि आया यह क्लीयरली क्रिमीनल केस बनता है या नहीं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ऐसे बहुत से केसिज आपको मिलेंगे। जैसे इन्होंने खुद कहा कि किसी अधिकारी का दोश नहीं हो सकता। अधिकारी तो चेयरमैन साहब के कहे अनुसार जाएगा ही। अब सवाल यह है कि चेयरमैन बाहर क्यों गया? पैसा खर्च कैसे हो गया? वह किस काम के लिये जाता है। हो सकता है काम वहां पर थोड़ा मिला हो इसमें चेयरमैन का भी इतना दोश नहीं हो सकता। दोश अगर हो सकता है तो उस सरकार का हो सकता है जिन्होंने उनको चेयरमैन लगाया था। जैसे यहां पर इन्होंने कहा कि मुंह बन्द करने के लिये चेयरमैन बना रहा। यह तो एक रि वत है। तो मैं कहता हूं कि रि वत लेना और देना दोनों ही जुर्म है। तो बंसी लाल जी आप उसके बाप के खिलाफ ऐप्लीके ान दीजिये, हम अव य उस पर कार्यवाही करेंगे।

श्री बंसी लाल: अध्यक्ष महोदय, मेरा केवल इतना ही कहना है कि अगर कोई आदमी बाहर जाता है तो फाईनैन्स डिपार्टमैंट पैसा मन्जूर करने से पहले आल प्रौस एण्ड कोन्ज एग्जामिन करता है, फिर उसकी ऐडमिनिस्ट्रेटिव ऐप्रूवल होती है। जो आदमी बाहर जाता है सरकार के पास वह वापिस आकर अपनी रिपोर्ट पे ा करता है। तो क्या इस किस्म की बातें सरकार में ऐग्जामिन हुई हैं? उस सारी रिपोर्ट को किस तरह से सरकार ने जस्टीफाई किया? क्या सम्बन्धित अधिकारियों व चेयरमैन ने अपनी कोई रिपोर्ट दी है कि हमें इन इन कारणों से आर्डर नहीं मिले और क्या वे जाती बार फाईलों के ऊपर लिख कर गये थे कि इन इन मुल्कों में हम इन इन कारणों से जा रहे हैं?

श्री लछमन दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, जहां तक चौधरी बंसी लाल जी ने यह सवाल किया है इसमें कोई भाक नहीं कि फारमैलिटीज तो सब पूरी की गई, मम्जूरी भी ली गई और बाद में उन्होंने आकर रिपोर्ट भी दी लेकिन झूठी सच्ची की अलग बात है।

श्री रामपाल सिंह कंवर: स्पीकर साहब, चौधरी बंसी लाल जी के सवाल के जवाब में मुख्य मंत्री जी ने कहा कि क्रिमीनल केस रजिस्टर नहीं हो सकता। मैं उनसे जानना चाहता हूं कि जब कई बार दूसरे मुल्कों के टूर होते रहे और खर्चे से कम के आर्डर लाए गए तो क्या बार बार इजाजत उनको सैर करने के

लिए दी जाती थी? अगर ऐसा था तो क्या केस रजिस्टर न करवा कर सरकार उनसे रिकवरी करने के लिए कदम उठाएगी?

श्री लछमन दास अरोड़ाः स्पीकर साहब, माननीय साथी ने जो बात कही है कि बार बार उनको इजाजत क्यों दी गई थी और वे इतने छोटे छोटे आर्डर लाते रहे। रैपिटि ान हो जाए। लेकिन इस में उलटा होता रहा। एक बार तो 9 लाख कुछ रुपए खर्च करके आए और आर्डर लाए 1675/– रुपए का। जहां तक क्रिमिनल केस उनके खिलाफ रजिस्टर करने का सवाल है, मैं तो खुद कहता हूं कि एल0आर0 से ओपिनियन ली जाए। अगर केस बनता है तो जरूर बनाया जाए।

चौधरी फूल चन्द मुलानाः अध्यक्ष महोदय, मैं मुख्य मन्त्री जी से एक बात जानना चाहूंगा। यह बात रिकार्ड पर तो आ गई कि उनको मुंह बन्द करने के लिए भेजा गया और चौधरी देवी लाल ने भेजा क्योंकि उनका बेटा कहा करता था कि चौथा हिस्सा तो मेरा भी है। यह तो परिवारवाद की बात साबित हो गई है लेकिन उसके बावजूद भी यदि हम न तो उनके खिलाफ क्रिमीनल केस बनाएं और न रिकवरी करने का केस बनाएं तो ठीक नहीं। इसलिए मैं जानना चाहता हूं कि क्या कोई ऐसा इन्स्टांस पहले भी हुआ है जिसमें रिकवरी हुई हो या मिस एप्रोप्रिए ान का केस बना हो?

श्री लछमन दास अरोड़ा: स्पीकर साहब, मैं तो समझता हूं कि पहले कोई ऐसी रिवायत नहीं चली। कोई और लम्बी चौड़ी बात हो तो मुख्य मंत्री जी बता देंगे।

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, पहले कोई ऐसा संयोग नहीं हुआ कि बाप मुख्य मन्त्री हो और बेटा चेयरमैन हो। लेकिन यह जरूर हुआ है कि एक बार एक एम0एल0ए0 आंख का ईलाज करवाने के लिए गए थे, हमने उसको ज्यादा पैसा दे दिया था और उनसे हमने बाकी पैसा वापिस ले लिया था। (विध्न) कोई सैर करने भी जा सकता है। वे बहाना बना कर चले गए होंगे। मेरे वक्त में भी गए होंगे और चौधरी बंसी लाल जी के वक्त में भी गए होंगे। लेकिन अगर सरकारी पैसा लेकर गया है और खर्चा अधिक हो जाता है तो उसकी वसूली भी हो सकती है।

Repair of Damaged Roads

***154. Shri Jai Pal Singh:** Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the following damaged roads in Rai Constituency:-

1. from Bahalgarh to Makinpur road;

2. from Kundli Border to Jati Kalan Dahesara road;

3. from Kundli Border to Sersa Bakipur Basantpur; and

(b) if so, the time by which the roads as referred to in part (a) are likely to be repaired?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) जी हां।

(ख) प्रस्तावित तीन सड़कों की मरम्मत का कार्य 31–3–92 तक पूर्ण होने की सम्भावना है।

श्री जय पाल सिंह: स्पीकर साहब, पिछले अधिवे ान में मुख्य मंत्री जी ने आ वासन दिया था कि खाने, जहां से सरकार को आमदनी होती है उनके आस पास की सड़कों को 12 फुट की बजाए 18 फुट चौड़ा किया जाएगा और मजबूत सड़कें बनाई जाएंगी। लेकिन अब भी वहां की सड़कें सब से ज्यादा टूटी हुई है। तो क्या बहालगढ़ से मकीन पुर, कुंडली बोर्डर से जाटी कलां दहेसरा सड़क और कुंडली बोर्डर से सेरसा बाकीपुर बसंतपुर सड़कों को 31 मार्च तक पूरा कर दिया जाएगा?

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, इनके हल्के में 9 सड़कों पर काम चालू है। तीन ये सड़कें हैं, 6 सड़कें और हैं। उनमें से एक सड़क ऊंची होनी है उस सड़क के अलावा बाकी सड़कों का काम कम्पलीट हो जाएगा। इसके अलावा जो 12 फुट चौड़ी सड़कें हैं, हमारा प्रोग्राम है कि उनको अगले साल 18 फुट चौड़ा करेंगे।

श्री कृश्ण लालः स्पीकर साहब, मेरे हल्के असंध में बालपबाणा गांव से कुंडला गांव तक का चार किलोमीटर का टुकड़ा है। वह सड़क का टुकड़ा पिछले 10–11 महीने से टूटा हुआ पड़ा है और उसकी दोनों साइड़ों में खाई है। उस सड़क पर ऐक्सीडैंटस के कारण चार मौते भी हो चुकी हैं। मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि उस चार किलोमीटर के टुकड़े को कब तक बना दिया जाएगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, जैसे मैंने पहले कहा पैच वर्क 31 मार्च तक कम्पलीट हो जाएगा। सारी स्टेट में 7 या 8 परसैंट सड़कें बच सकती हैं उनको हम अगले महीने अप्रैल में पूरी कर देंगे।

सरदार जसविन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, सड़कों के बीच में जो गैप रह गए हैं वे पूरे न होने के कारण सड़क का पूरी तरह से सदुपयोग नहीं होता है। स्पीकर साहब, आपके हल्के के गांव पोबाला से मेरे हल्के के गांव गुमथला तक 3 किलोमीटर का सड़क का टुकड़ा बनना है। मेरे गांव में हाई स्कूल है और पोबाला गांव के बच्चे उस स्कूल में पढ़ने के लिए आते हैं। तो उन बच्चों को बरसात के दिनों में बहुत ज्यादा दिक्कत होती है। दूसरे गांव का 6200 एकड़ एरिया है वहां पर किसानों को अनाज की ढुलाई में बहुत दिक्कत होती है। मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि उस सड़क को कब तक बना दिया जाएगा।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, हो सकता है वह गांव दूसरी साइड से सड़क से जुड़ा हो। अगर वहां पर 3 किलोमीटर का गैप है तो उसको अगले महीने अप्रैल से टेकअप करेंगे और अगले साल में उसको पूरा कर देंगे।

चौधरी बलवंत सिंह मेनाः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने कहा है कि स्कूलों को पक्की सड़कों के साथ जोड़ दिया जाएगा। मेरे हल्के हसनगढ़ के गांव बालन्द के स्कूल के साथ सड़क बननी रह गई है। आगे वह सड़क डीगल गांव तक जाती है लेकिन बालन्द स्कूल के पास वह सड़क अधुरी पड़ी है। मैं मुख्य मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि उस सड़क को कब तक बना दिया जाएगा? इसके अलावा एक सड़क चुलाना गांव से होते हुए दमाना गांव तक जाती है वह सड़क भी बीच में ही पड़ी है। मैं मुख्य मंत्री जी से जानना चाहूंगा कि उस सड़क को कब तक पूरा कर देंगे?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैं पहले ही बता चुका हूं कि जो गैप हैं वे अगले साल पूरे कर दिए जाएंगे। इसके अलावा स्कूल, कालेज और होस्पीटल जो गांव से एक आध किलोमीटर दूर हैं उनको भी अगले साल सड़क से जोड़ दिया जाएगा। इसके अलावा जितने भी धार्मिक स्थान हैं, जैसे मंदिर, मस्जिद, गुरूदवारे और गिरजाघर, उन सबको अगले साल सड़क से जोड़ दिया जाएगा।

श्री अध्यक्षः क्या आपने इस बारे में जनरल आर्डर किए हैं और क्या इसके लिए ऐस्टिमेटस बनाने के लिए कह दिया गया है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस बारे में ऐटिस्मेट्स बनाने के लिए कह दिया गया है। जो लोग धार्मिक स्थानों पर जाते हैं उनको तकलीफ होती है इसलिए हम अगले साल धार्मिक स्थानों को सड़क के साथ जोड़ देंगे।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, मुख्य मंत्री जी ने सभी धार्मिक स्थानों को सड़के से जोड़ने का नि चय कर लिया है। जब भी पोलिटिकल लोग गांवों में जाते हैं या कोई बारात जाती है तो आमतौर पर चौपालों में पहुचते हैं। गांवों के अन्दर बहुत पैसा खर्च करके लोगों ने चौपालें बनाई हुई हैं लेकिन वहां तक सड़क नहीं गई है।

श्री अध्यक्षः गलियां तो पक्की होंगी।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, गलियां तो पक्की हैं लेकिन गलियों में भी आम तौर पर टूटियों के पानी का बहुत खांचा रहता है जिसके कारण गलियां भी टूट जाती हैं। जो सड़के बनी हुई हैं वे गांवों की फिरनी तक तो गई हैं लेकिन चौपालों तक नहीं गई हैं। मैं आपके माध्यम से मुख्य मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि चूंकि किसी भी गांव की चौपाल मेन सड़क से एक

आध किलोमीटर के टुकड़े से ज्यादा दूर नहीं है तो क्या चौपालों को भी सड़कों से जोड़ा जाएगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इसके लिए अलग से स्कीम है। सभी को पता है कि लाल डोरे के अन्दर सड़क सरकार नहीं बनाती। लाल डोरे के अन्दर सड़क बनाने का काम पंचायत का है और पंचायत के पास जवाहर रोजगार योजना और डी0आर0डी0ए0 की स्कीमें आदि हैं। इसलिए लाल डोरे के अन्दर तो पंचायत ही सड़क बना सकती है या पक्की ईंटों की गलियों से चौपाल आदि को जोड़ सकती है। इसलिए सरकार की लाल डोरे के अन्दर सड़क अनाने की कोई स्कीम नहीं है।

Sugar Mills

***176. Shri Satbir Singh Kadain:** Will the Minister for Cooperation be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to set-up Sugar Mills at Sirsa, Gohana, Assandh and Mustafabad; and

(b) if so, the time by which these mills are likely to be set up?

सहकारिता मंत्री (श्रीमती भाकुन्तला भगवाड़िया):

(क) जी हां, राज्य चीनी मिले सहकारिता क्षेत्र में सिरसा, गोहाना, असन्ध और मुर्तजापुर में लगाने का विचार है।

लेकिन मुस्तफाबाद में कोई सहकारी चीनी मिल लगाने का प्रस्ताव नहीं है।

(ख) भारत सरकार से आ ाय पत्र प्राप्ति के बाद लगभग तीन वर्शों में।

श्री सतबीर सिंह कादयानः स्पीकर साहब, मैं आपके माध्यम से मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि सिरसा, गोहाना, असंध और मुर्तजापुर में भूगर मिल लगाने के लिए लाईसैंस कब सप्लाई किया गया और अब इन सभी की क्या स्टेज है?

श्रीमती भाकुन्तला भगवाड़ियाः अध्यक्ष महोदय, सिरसा के लिए 15–5–1990 को, गोहाना के लिए 18–3–1991 को, असंध के लिए 21–3–1991 को और मुर्तजापुर के लिए 18–3–1991 को लाईसैंस के लिए भारत सरकार को एप्लाई किया गया था। इसके अलावा हमने भारत सरकार को बाद में भी सिरसा के लिए 12–7–1990 को तथा 27–12–1991 को, असंध के लिए 28–2–1992 को, मुर्तजापुर के लिए 6–3–1992 को और गोहाना के लिए 3–3–1992 को पत्र लिखे हैं।

श्री धीपाल सिंहः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया से पूछना चाहूंगा कि क्या नारायणगढ़ में सहकारी क्षेत्र में कोई भूगर मिल लगाने का सरकार का विचार है?

श्रीमती भाकुन्तला भगवाड़ियाः नारायणगढ़ में सहकारी क्षेत्र में कोई भूगर मिल लगाने का प्रस्ताव नहीं है।

श्री धीपाल सिंहः हमारे समय में सहकारी क्षेत्र में यह मिल लगाने का विचार था तो अब प्राईवेट क्षेत्र में यह क्यों रखा गया है?

श्रीमती भाकुन्तला भगवाड़ियाः आपके समय में ही प्राईवेट क्षेत्र में भूगर मिल लगाने का विचार हुआ था।

श्री धीरपाल सिंहः हमारे समय में यह फैसला नहीं हुआ। आप तारीख बताएं।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, पहली सरकार ने सहकारी क्षेत्र को जितना बढ़ावा देना चाहिए था उतना नहीं दिया। इन्होंने सहकारी क्षेत्र को छोड़ कर नारायणगढ़ में किसी प्राईवेट आदमी को लाईसैंस दिलाया। यह लाईसैंस भी उस आदमी को दिलाया जो चौधरी देवी लाल जी के आदमी थे। हालांकि केन्द्र सरकार का प्राईवेट क्षेत्र में मिल लगाने के लिए लाईसैंस देने का नियम नहीं है लेकिन चौधरी देवी लाल जी चूंकि उस समय केन्द्र में ऐग्रीकल्चर मिनिस्टर थे इसलिए उन्होंने अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए और सभी कानून–कायदों का ताक पर रख कर इस प्राईवेट आदमी को लाईसैंस दिलवाया, जोकि एक रिकार्ड की बात है।

श्री राम पाल सिंह कंवरः अध्यक्ष महोदय, मैं मंत्री महोदया से जानना चाहता हूं कि असंध में जो सहकारी क्षेत्र में भूगर मिल लगना है क्या इसके लिए साईट की सिलैक ान कर

ली गई है? अगर नहीं की गई है, तो वह कब तक कर ली जायेगी?

श्रीमती भाकुन्तला भगवाड़िया: आ ाय–पत्र आने के प चात्।

प्रो0 सम्पत सिंह: स्पीकर साहब, मिनिस्टर महोदया ने पहले तो 4 भूगर मिलों की गवर्नमैंट औफ हरियाणा द्वारा गवर्नमैंट औफ इण्डिया को भेजी गई रिकमैंडे ान्ज की डेट्स बताई है। इतने बड़े–बड़े प्रोजैक्टस जिनमें करोड़ों रुपये की लागत आती है उनमें केवल चिट्ठी–पत्री से काम नहीं चल सकता और बात नहीं बनती। मैं मन्त्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि क्या सरकार इस बारे में सीरियस है? ये 4 मिलें जिनके साथ हरियाणा के फार्मर्ज का फयूचर जुड़ा हुआ है क्या इनके बारे में इन्होने गवर्नमैंट आफ इण्डिया से, जहां इनकी पार्टी की सरकार है, प्राईम मिनिस्टर से या कन्संर्ड मिनिस्टर से मामला टेकअप किया है कि कब तक मिलें लगाने का लाईसन्स मिल जाएगा? स्पीकर साहब, दूसरी बात मैं यह पूछना चाहता हूं कि जिस प्राईवेट आदमी को नारायणगढ़ में लाईसैंस दिया गया है वह कौन है और गवर्नमैंट औफ इण्डिया ने उस को किस डेट को लाईसैंस दिया?

चौधरी भजन लालः स्पीकर साहब, मैं *आज ही इस बारे में पूरे आंकड़े मंगवा कर दो घण्टे में सदन में बता दूंगा। (विध्न)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से सरकार से यह जानना चाहता हूं कि क्या पर्सनल लैवल पर गवर्नमैंट औफ इण्डिया के साथ मामले को टेकअप करेंगे?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मैंने इस बारे में बातचीत की थी और आगे भी करेंगे ताकि भारत सरकार से जल्दी से जल्दी मन्जूरी मिले और ज्यादा से ज्यादा भूगर मिलें हमें मिल सकें।

तारांकित प्र न संख्या 206

यह प्र न पूछा नहीं गया क्योंकि माननीय सदस्य, श्री अतर सिंह मांधीवाला, इस समय सदन में उपस्थित नहीं थे।

Repair of the Building of the Chaulana High School

***219. Chaudhri Balwant Singh Maina:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether it is a fact that the building of High School Chaulana is in dilapidated condition; and

(b) if so, the time by which the aforesaid building is likely to be repaired?

ि ाक्षा मन्त्री (श्रीमती भाान्ति देवी राठी):

(क) जी नहीं, किन्तु मरम्मत की आव यकता है।

(ख) चार कमरों की मरम्मत वर्शा के आने से पूर्व करवाने हेतू कदम उठाये जा रहे हैं। भोश भवन की मरम्मत का कार्य क्रमांगत कार्यक्रम स करवाया जायेगा।

चौधरी बलवंत सिंह मैनाः ि ाक्षा मन्त्री महोदया ने बताया है कि चूंकि स्कूल में बच्चे पढ़ते हैं इसलिए बरसात से पहले बिल्डिंग की मरम्मत करवा देंगे। स्पीकर साहब, बरसात का कोई समय नहीं होता है कि कब बरसात आ जाए। उन 4 कमरों की मरम्मत कब तक करवा दी जाएगी क्योंकि कमरों के बिना बच्चे वहां बैठ नहीं सकते और न ही टीचर्ज के पास बच्चों को बिठाने की व्यवस्था है जिस के कारण वहां काफी दिक्कत है। अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदया से यह जानना चाहता हूं कि बरसात से पहले से इनका क्या मतलब है क्योंकि बरसात तो कभी भी हो सकती है। ये किस महीने तक उनकी मरम्मत करवा देंगे?

श्री अध्यक्षः इनके कहने का मतलब यह है कि बरसात के महीने यानि जुलाई–अगस्त से पहले उनको बनवा देंगे।

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः स्पीकर सर, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहूंगी कि इस राजकीय विद्यालय में टोटल 14 कमरे हैं जिनमें से 2 कमरे गांव वालों की मदद से बनाए गए हैं और 12 कमरे पी0डब्ल्यू0डी0 द्वारा निर्मित

हैं। मैं यह मानती हूं कि बिल्डिंग की हालत जीर्ण– ार्ण है लेकिन उसकी अवस्था इतनी बुरी भी नहीं है कि सन्तोशजनक तरीके से वहां काम न चल सके। स्पीकर साहब, मैं समझती हूं कि 4 कमरे तो वर्शा आने से पूर्व कम्पलीट हो जाएंगे और उसके बाद भी काम जारी रखेंगे और मरम्मत का काम तब तक जारी रहेगा जब तक बिल्डिंग की मरम्मत पूरी न हो जाए।

Repair of Dilapidated School Buildings

***235. Shri Rajinder Singh Bisla:** Will the Minister for Education be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to repair the dilapidated buildings of Government Primary Schools, Middle Schools and High Schools in Ballabgarh Constituency; and

(b) if so, the time by which the aforesaid buildings are likely to be repaired?

ि ाक्षा मन्त्री (श्रीमती भाान्ति देवी राठी):

(क) तथा (ख): जी हां, रा ि ा की व्यवस्था के अनुसार मरम्मत का कार्य क्रमांगत कार्यक्रम के अन्तर्गत करवाया जायेगा।

श्री राजेन्द्र सिंह बिसला: अध्यक्ष महोदय, बहन जी ने बहुत ही समझदारी से उत्तर दिया है। मैं समझता हूं कि इन्होंने अपने उत्तर में कहा है कि मेरे क्षेत्र के जिन स्कूलों की खस्ता हालत है उनमें से किसी की भी मरम्मत नहीं की जाएगी। तो

अध्यक्ष महोदय, मैं बहन जी का ध्यान बल्लभगढ़ में जो खादर का क्षेत्र है उस की ओर दिलाना चाहूंगा। वहां बरसात के दिनों में बाढ़ आ जाती है और वहां स्कूलों में विद्यार्थियों के पढ़ने के लिए कमरे नहीं हैं। वहां पर अगर बारि ा के कारण या किसी और कारणव ा बिल्डिंग गिर जाए तो अध्यापकगण और विद्यार्थियों को जिन्दगी को खतरा हो सकता है, काफी नुकसान हो सकता है। क्या वर्शा आने से पहले जो बिल्डिंग्ज जीर्ण– ाीर्ण हालत में है उनकी मरम्मत करवाएंगे?

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः अध्यक्ष महोदय, मैं इनको बताना चाहूंगी कि इनके क्षेत्र बल्लभगढ़ में 4 वरिश्ठ माध्यमिक, 14 उच्च, 17 मिडल और 73 राजकीय प्राथमिक विद्यालय हैं। इन 108 में से 3 वरिश्ठ, 3 उच्च, 5 मिडल और 12 प्राथमिक विद्यालयों के भवनों की हालत जर्जर है। अध्यक्ष महोदय, इनको जानकर खु ाी होगी कि जैसे ही यह सरकार बनी तो माननीय मुख्य मंत्री जी के नेतृत्व में हमने यह निर्णय लिया कि ज्यादा स्कूल बनाने की बजाए या नए भवन बनाने की बजाए हमारा सबसे पहला कर्तव्य यह बनता है कि जो भवन असुरक्षित हो गए हैं, अनसेफ डिक्लेयर हुए हैं, उन बिल्डिंग्ज की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके साथ ही हमने डी0सीज0 की चेयरमैन ि ाप के अन्डर ए0डी0सी0 सहित एक कमेटी का गठन किया है। जहां जहां हमारे माननीय सदस्य ए0डी0सी0 और डी0सी0 को जिला ि ाक्षा अधिकारी के द्वारा लिखकर देंगे कि फलां स्कूल की हालत बहुत ही

जीर्ण– ार्ण है तो उनकी प्राथमिकता के आधार पर रिपेयर करवाई जाएगी।

श्री दरियाव सिंह राजोराः स्पीकर साहब, श्री रघुनाथ हैड टीचर, राजकीय प्राथमिक पाठ ााला, सिंहपुरा खुर्द रोहतक ने ि ाकायत की है कि सतबीर सिंह, जिला प्राथमिक ि ाक्षा अधिकारी रोहतक उसे नाजायज तौर पर परे ाान कर रहा है।

श्री अध्यक्षः इसका इस सवाल से कोई ताल्लुक नहीं है। आप कृपया बैठिए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अमर सिंहः अध्यक्ष महोदय, बहन जी ने बताया कि बल्लभगढ़, कांस्टीच्युएंसी में काफी स्कूल अनसर्विसेबल डिकलेयर किए हैं तो क्या मंत्री महोदया यह बताएंगी कि सारी स्टेट में कितने स्कूल हैं, जिनकी बिल्डिंग्ज अनसेफ डिकलेयर्ड हैं और उनकी छतों के नीचे बच्चे पढ़ रहे हैं?

श्रीमती भाान्ति देवी राठीः अध्यक्ष महोदय, इसका सारा विवरण मेरे पास इस वक्त नहीं है। अगर इनके क्षेत्र में कोई स्कूल हो तो वे बता दें। उसके बारे में जवाब दे दिया जाएगा।

Reservation in P.W.D. (B&R)

***239. Sathi Lehri Singh:** Will the Chief Minister be pleased to state-

(a) the number officers (Engineers) and Officials working in the Public Works Department (B&R) at present;

(b) the number of persons out of those referred to in part (a) above belonging to Scheduled Castes and Scheduled Tribes, separately; and

(c) whether there is any shortfall in the representation of Scheduled Castes in the Categorywise number of posts as referred to in part (a) above; if so, the time by which it is likely to be wiped off?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल):

(क) हरियाणा लोक निर्माण विभाग (भवन तथा सड़कें भााखा) में इंजीनियरिंग अधिकारियों की संख्या 400 है तथा कर्मचारियों की संख्या 4636 हैं।

(ख) इनमें से 18 इंजीनिरिंग अधिकारी तथा 946 कर्मचारी अनुसूचित जाति के हैं तथा कोई अधिकारी/कर्मचारी अनुसूचित जन–जाति का नहीं है।

(ग) हां, कमी को पूरा करना संभव होगा जब हरियाणा लोक सेवा संघ/अधीन सेवायें प्रवरण मण्डल से प्रार्थी उपलब्ध हो जायेंगे, जिसके लिये मांग–पत्र भेजे जा चुके हैं।

साथी लहरी सिंहः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने अपने जवाब में यह बताया है कि इंजीनियरिंग अधिकारियों की संख्या 400 हैं और इनमें से 18 इंजीनियरिंग अधिकारी एस0सी0 के हैं। इसी तरह से कर्मचारियों की संख्या इन्होंने 4636 बतायी है जिनमें से 946 कर्मचारी अनुसूचित जाति के हैं। अध्यक्ष महोदय,

मेरा सवाल यह है कि कलास 4 और कलास 3 को छोड़कर कितने कर्मचारी अनुसूचित जाति के हैं? इसके अलावा जो इंजीनियर्ज की पोस्टों में भाार्टफाल है उसके लिए आप डेट वाउन्ड करें कि कब तक यह भाार्टफाल पूरा कर लिया जायेगा?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, हमने बाकायदा एच0सी0एस0सी0 को इंजीनियर्ज की पोस्टों को हरिजन कैंडीडेटस से भरने के लिए कहा था। इसके अलावा हमने एस0एस0एस0 बोर्ड को भी लिखा है कि हरिजनों में से इतने इन पोस्टों के लिए कैन्डीडेटस चाहिए। लेकिन मुख्य दिक्कत यह आती है कि हरिजन जातियों के कैंडीडेट्स तीन तीन बार इंजीनियर्ज की पोस्टों को ऐडवरटाइज करने के बाद भी नहीं मिलते हैं इसलिए काम चलाने के लिए ये पोस्टें हमें दूसरी जातियों से भरनी पड़ती है।

चौधरी फुल चन्द मुलानाः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी ने भाार्ट फाल को पूरा करने के लिए जो कदम उठाया है वह बहुत ही सराहनीय है। मैं मुख्य मंत्री जी से यह जानना चाहता हूं कि क्या प्रमो ान में भी भाड्यूल्ड कास्टस को, बैकवर्ड क्लास को और खासकर हैन्डीकैपड को रिजर्वे ान देने का सरकार का विचार है या नहीं?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, प्रमो ान में रिजर्वे ान क्लास 3 और क्लास 4 की पोस्टों में दिया जाता है।

क्लास 1 और क्लास 2 में प्रमो ान सीनियोरटी और रिकार्ड के आधार पर दी जाती है।

श्री अमर सिंहः अध्यक्ष महोदय, 10 जुलाई, 1991 को गवर्नर महोदय ने आन दि फ्लोर आफ दि हाउस कहा था कि ि ाड्यूलड कास्ट्स और बैकवर्ड क्लासिज का बैकलाग पूरा किया जायेगा। इनीि ायल रिक्रूटमैंट स्टेज पर इस डिपार्टमैंट में और अन्य महकमों में रिजर्वे ान 20 प्रति ात नहीं थी और अब भी यह रिजर्वे ान उतनी ही है। क्या मुख्यमंत्री जी बतायेंगे कि यह 20 प्रति ात रिजर्वे ान कितने महकमों में पूरी की गयी है तथा जिन महकमों में यह रिजर्वे ान पूरी नहीं की गयी है तो उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की गयी है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह इन्होंने बहुत ही अच्छा सवाल पूछा है। पिछले चार सालों में उन्होंने हरिजनों को बिल्कुल ही ठिकाने लगा दिया था और उनके कोटे का कोई भी ध्यान नहीं रखा था। लेकिन हमने आते ही इस बात को देखा कि जो हरिजनों का भाार्टफाल है वह जरूर पूरा किया जायेगा। हमने पीछे पुलिस में भी भर्ती की है। पुलिस में हमने एक हजार में से 400 हरिजन और 200 बैकवर्ड क्लासिज के लोगों को लिया है। (ाोर) पैसा सम्पत सिंह जी ने लिया है। दे ा के अखबारों में भी यह छपा है कि इन्होंने पैसा लिया है इसलिए इनको तीस हजारी कहते हैं। लेकिन अगर मेरे बारे में कोई भी आदमी औन

ओथ यह कह दे कि इस आदमी ने एक पैसा किसी भी भर्ती में लिया है तो हम अपने घर चले जायेंगे।

श्री धीरपाल सिंहः स्पीकर सर, आदमी तो हम दस से भी ज्यादा बता सकते हैं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इस हाउस में लिखा हुआ है कि या तो सभा में प्रवे ा न किया जाये और अगर प्रवे ा किया जाये तो सत्य बोला जाये, नहीं तो पाप के भागीदार बनोगे। पता नहीं अगले जन्म में आपको कौन सा जन्म मिलेगा।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, अभी मुख्य मंत्री जी ने सवाल के जवाब में बताया है कि मैंने पुलिस की भर्ती में पैसे लिये हैं। स्पीकर सर, मैं औन ओथ आपकी उपस्थिति में, इस हाउस की उपस्थिति में यह बात कहता हूं कि जितनी भी हमारे समय में भर्ती हुई है उसमें अगर किसी भी भर्ती के अन्दर सम्पत सिंह ने एक भी पैसा लिया हो तो आज ये खुद मुख्यमंत्री हैं, इनकी सरकार है ये एक एक केस की इंक्वायरी करा लें और मैं उस इंक्वायरी को फेस करने के लिए तैयार हूं। सिपाहियों की भर्ती में अगर एक पैसा भी लिया होगा तो मैं भी हाउस से इस्तीफा देकर घर चला जाऊंगा। मैं भी इस्तीफा देने के लिये तैयार हूं। उलटा इल्जाम लगाने से कोई बात नहीं बनती है। मैं टीचर्ज की अप्वायंटमैंटस के बारे मे भी बताना चाहता हूं क्योंकि किसी ने उसका भी जिक्र कर दिया है।

चौधरी भोर सिंहः स्पीकर साहब, देखिये, लैक्चर भ्ाुरू हो गया।

प्रो0 सम्पत सिंहः यह लैक्चर नहीं है। मैं यह कहना चाहता हूं कि टीचर्ज के मामले में हाई कोर्ट ने उनकी जो अप्वायंटमैंटस क्वै ा कर दी है, आप उसके मुताबिक उन टीचर्ज को हटायें। अब आप उनको ऐडहौक अप्वायंटमैंटस देने की सोच रहे हो। आप उनकी अप्वायंटमैंट्स में भी बतायें कि किस–किस ने पैसे खाये हैं? (विध्न)

चौधरी भजन लालः इस तरह से आपके जोर–जोर से बोलने से कोई काम नहीं चलेगा। अध्यक्ष महोदय, आप जानते हैं कि हरियाणा प्रदे ा के लोग इस बात को बहुत अच्छी तरह से जानते हैं। इस हाउस के कुछ मैम्बर्ज ऐसे हैं, जो इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं। इनमें चौधरी वीरेन्द्र सिंह जी भी हैं और बहिन चन्द्रावती जी भी हैं, जो यहां पर बैठे हैं। इन लोगों को आपकी पार्टी से इसीलिये इस्तीफा देना पड़ा था। एक एक बात का इनको पता है। चौधरी देवी लाल ने खुद कहा है कि सम्पत सिंह ने पैसे लिये हैं इसलिये वह इस्तीफा दें। फिर चौटाला ने आ कर कह दिया कि जाने दो . . . (व्यवधान व भ्ाोर)

Prof. Sampat Singh: On a point of personal explanation, Sir.

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी, आप बैठिये। आपको टाईम बाद में मिलेगा। आपने अपनी बात काफी कह दी है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, अभी इन्होंने कहा है। उस बारे में इनको सुनने की हिम्मत भी होनी चाहिये।

श्री अध्यक्षः आप बजाये अब समय खराब करने के बजट के टाईम बोलते हुए अपनी बात कह सकते हैं। उस वक्त आप क्लैरीफिके ान दे सकते हैं।

प्रो0 सम्पत सिंहः आप मेरी बात तो सुनिये।

Mr. Speaker: No, it is qustions hour. Please sit down.

Increase in Haryana Roadways Buses

***224. Prof. Ram Bilas Sharma:** Will the Minister of State for Transport be pleased to state-

(a) whether there is any proposal under consideration of the Government to increase the number of Buses of Haryana Roadways in the State; and

(b) if so, the time by which the proposal is likely to materialize?

परिवहन राज्य मन्त्री (श्री बलबीर पाल भााह):

(क) जी हां।

(ख) वर्श 1991–92 में प्रस्तावित बसों की वृद्धि के लक्ष्य को अप्रैल, 1992 के अन्त तक प्राप्त कर लेने की संभावना है और

वर्श 1992–93 के प्रस्तावित लक्ष्य को, यदि पर्याप्त धन उपलब्ध हुआ तो, 31–3–1993 तक पूरा कर लेने की संभावना है।

प्रो0 राम बिलास भार्मा: अध्यक्ष महोदय, मंत्री महोदय ने लिखित जवाब में कहा है कि बसों की संख्या बढ़ाये जाने की सम्भावना है। मैं उनसे यह जानना चाहता हूं कि कितनी बसें बढ़ा रहे हैं और उन बसिज में से क्या कुछ बसिज गांवों के रूट्स पर भी देने का प्रावधान करने की बात उनके विचाराधीन है?

श्री बलबीर पाल भााह: स्पीकर सर, मैं माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि इस बार 501 नयी बसिज डालने का हमारा लक्ष्य है जिसमें से 137 बसिज फलीट में एडी ान होंगी और 364 बसिज की रिप्लेसमैंट होगी। 137 बसिज अलग–अलग रूटस पर डाली जाएंगी और जो पुरानी बसिज बचेंगी उनको हम गांव के छोटे छोटे रूट्स पर चलाने की कोि ा ा करेंगे।

श्रीमती चन्द्रावती: स्पीकर साहब, क्या मंत्री महोदय यह बतायेंगे कि आबादी के हिसाब से जो बसिज ये लगायेंगे, वे सफीि ायेंट रहेंगी। अब डेढ़–महीने के बाद मैरिज सीजन आना है और लोगों का इस दौरान आवागमन भी ज्यादा रहता है। तो क्या उस वक्त उनके लिये ऐक्स्ट्रा बसिज चलाने का सरकार का कोई इरादा है?

श्री बलबीर पाल भााह: स्पीकर सर, मैरिज सीजन में जब भी बसिज की मांग की जाती है तो हम लोगों की इस मांग

को मीट करके लोगों को बसिज प्रोवाइड करने की कोि ा ा करते हैं और आगे भी करेंगे।

श्रीमती चन्द्रावतीः बसिज प्रोवाइड करने की बात नहीं है। यह तो बसिज चलाने की बात है। जनानी सवारियों को 5–5 घंटे खड़ा रहना पड़ता है। उनके लिये सरकार ने क्या प्रबन्ध किया है।

श्री बलबीर पाल भााहः इसके लिये मैं बहन जी को बता देना चाहता हूं कि हमने इनके लिये आलरेडी 10 सीटों का आरक्षण किया हुआ है। इसके अलावा स्कूलों और कालेजों में बच्चियों के आने–जाने के लिये भी अलग से बसिज चलाने का प्रावधान किया जा रहा है ताकि औरतों को कोई असुविधा न हो।

चौधरी वीरेन्द्र सिंहः स्पीकर साहब, बहन जी ने जो सवाल पूछा है भाायद मिनिस्टर साहब उनके सवाल की सैन्स नहीं समझ पाए। जब मैरिज सीजन भाुरू होता है तो सरकारी बसें लोगों को उपलब्ध होती है इसमें कोई दो राय नहीं है। बहन जी का पूछने का अभिप्राय यह था कि इस कारण से जो बसें अपने रूट्स पर घट जाती हैं उस कमी को पूरा करने के लिये सरकार क्या कदम उठाती है जिससे लोगों को आने जाने में दिक्कत न हो। क्योंकि मैरिज सीजन के दौरान जब बसें अपने रूट से कम पड़ जाती हैं तो लोगों को अपने अपने कामों के लिये आने जाने के लिये दो–चार घण्टे बसों का इन्तजार करना पड़ता है क्या

सरकार इस बारे में भीघ्र ही कोई सही कदम उठाने का विचार रखती है ताकि लोगों को आने जाने में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए?

श्री बलबीर पाल भााहः स्पीकर साहब, अगले वर्श में इसके लिये 636 नई बसें डालने का सरकार द्वारा प्रावधान किया गया है। लेकिन बदकिस्मती हमारी यह है कि मण्डल कमि ान के समय में जो ऐजीटे ान हुआ था तो उस आन्दोलन से लगभग 1200 बसों को नुकसान हुआ था और 130 बसें ऐसी थी जिनको हमें पूरी तरह से कंडम करना पड़ा और डिसपोज आफ करना पड़ा क्योंकि वे बसें चलने के बिल्कुल ही काबिल नहीं रही थी। लोगों ने बसों की खिड़कियां, भी ो व अलमोनियम का सारा मैटिरियल बिल्कुल ही तोड़ फोड़ दिया था। कितना उस वक्त बसों का नुकसान किया गया उन बसों की हमने रिपेयर भी की है। इस वर्श भी हम इस पिछले बैकलौग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि उस वक्त पिछली सरकार ने केवल मिनि बसों द्वारा ही रिप्लेसमैंट की थी इसलिये बसों की यह समस्या आती रही और आगे आएगी भी। लेकिन हमारा फिर भी पूरा प्रयास होगा कि हम जनता की सुविधाओं के लिये बढ़िया से बढ़िया सेवाएं उपलब्ध करवाने का यत्न करते रहें।

श्री हरि सिंह नलवाः अध्यक्ष महोदय, मैं मन्त्री महोदय के नोटिस में यह बात लाना चाहता हूं कि पिछले चार सालों में मण्डल कमि ान के समय पर हरियाणा के अन्दर जितनी भी बसों

को जलाया गया था, डेमेज किया गया था, यह सारा काम उस सरकार के लोगों का ही था। अगर वे लोग उस समय सरकारी बसों को क्षति न पहुंचाते, न जलाते तो आज हरियाणा के अन्दर बसों की कमी महसूस न की जाती। उन लोगों को चाहिये था कि वे इसे दे ा की प्रोपर्टी समझते और लोगों की तकलीफ को सामने रख कर ऐसा न करते तो सरकार का जो ऐसे कामों पर पैसा बरबाद हुआ है, वह पैसा बरबाद न होता। मैं आपके माध्यम से मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि लोगों की तकलीफों को ध्यान में रखते हुए, क्या सरकार आगे के लिये कोई प्रयास करने का यत्न करेगी ताकि लोगों को बसों के मामले में आने जाने की कोई पेर ाानी न हो और जितने रूटों पर बसों की कमी है, क्या जल्दी से जल्दी उन रूटों पर बसें चलाने का प्रबन्ध करेगी?

श्री बलबीर पाल भााहः अध्यक्ष महोदय, जैसाकि मैंने पहले भी बताया है कि इस वर्श हम पिछले बैक लौग को पूरा नहीं कर पा रहे हैं क्योंकि पिछली सरकार ने 174 मिनि बसें चलाई थी जिसकी वजह से 1 लाख रुपया प्रति बस सालाना घाटा हो रहा है। फिर भी हमने कुछ बसें नई डाली है व कुछ बसों की रिपेयर वगैरह करवायी है और हमें पूर्ण आ ाा है कि हम जनता की सुविधा के लिये बढ़िया से बढ़िया सर्विस मुहैया कर पाएंगे और लोगों की दिक्कतों को काफी हद तक दूर कर पाएंगे।

श्री सतबीर सिंह कादयानः अध्यक्ष महोदय, मन्त्री महोदय ने अपने जवाब में बताया है कि इस चालू वर्श में 501 बसें फलीट में डालने के लिये खरीदी है और लगभग 130 बसें ऐसी थी जिनको सरकार ने कंडैम डिक्लेयर करके डिसपोज आफ किया। मैं मन्त्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि जो बसें डिसपोज आफ की गई उनको डिसपोज आफ करने का नार्म क्या है? कहीं ऐसा तो नहीं है कि खुद को लाभ पहुंचाने के लिये उन्होंने ऐसा किया हो क्योंकि वे खुद ट्रांसपोर्टर हैं?

श्री बलबीर पाल भााहः अध्यक्ष महोदय, जब एक बस 6 लाख किलोमीटर तक चल लेती है और आठ साल का समय भी वह पूरा कर लेती है तो उस वक्त उस बस को रिप्लेस किया जाता है, उससे पहले नहीं। यह हमारा नार्म है। जहां तक अपनी ट्रांसपोर्ट का सम्बन्ध है जैसा कि मेरे दोस्त ने कहा तो मैं इनको यह बताना चाहता हूं कि मेरी कोई अपनी पेंसैंजर ट्रांसपोर्ट नहीं है। मैं व्यक्तिगत तौर पर माननीय सदस्य को अच्छी तरह से जानता हूं और वे मुझ को जानते हैं मेरा मुंह यदि वे न ही खुलवाएं तो अच्छा है।

प्रो0 राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, क्या मन्त्री जी बताएंगे कि ये जो 501 बसें हैं इनको किसी खास डिपोज में देंगे या सभी डिपोज में समान रूप से देंगे अथवा डिपोज की जरूरत के हिसाब से देंगे।

श्री बलबीर पाल भााह: अध्यक्ष महोदय, मैं मानीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि सब से पहले जिस–जिस डिपो में रिप्लेसमैंट बनती है वह दी जाएगी। आज की तारीख में तीन सौ के लगभग नई बसिज सड़क पर आ चुकी हैं और दो सौ के करीब बसिज अप्रैल के अन्त तक सड़क पर ले आएंगे ऐसा मैं आ वासन देता हूं। जहां तक ऐक्सट्रा बसिज का सवाल है वह हर डिपो को उसकी फिजीबिल्टी देख कर अलाट की जाएंगी। जहां ज्यादा र ा है वहां ज्यादा दी जाएंगी और जहां कम र ा है वहां कम दी जाएंगी।

